ई-न्यूज

24 न्यूज अपडेट

WebSite.: https://24newsupdate.in

उदयपुर, शनिवार 01 नवम्बर 2025

Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com

वर्ष 2 अंक 189

राजस्थान में 8000 स्लीपर बसों का संचालन ठप, यात्रियों की बढ़ी मुश्किलें, ऑपरेटर बोले– मनमानी जांच बंद करो; रोडवेज-ट्रेन में 3 गुना भीड़





24 न्यूज अपडेट

जयपुर। मांगलिक कार्यक्रमों की शुरुआत से एक दिन पहले राजस्थान में शनिवार सुबह से करीब 8000 स्लीपर बसों का संचालन पूरी तरह बंद हो गया। जैसलमेर बस हादसे के बाद परिवहन विभाग की कार्रवाई का विरोध करते हुए प्राइवेट बस ऑपरेटर्स ने यह कदम उठाया है। ऑल राजस्थान कॉन्टेक्ट कैरिज बस एसोसिएशन के आह्वान पर हड़ताल शुरू हुई, लेकिन एसोसिएशन में ही इस फैसले को लेकर मतभेद उभर आए हैं। कई जिलों में बसें बंद हैं तो कुछ जगह ऑपरेटर्स ने मनमाना किराया वसूलते हुए बसें चलाईं। जयपुर में यात्रियों से सामान्य 600 रुपए की जगह 3500 रुपए तक किराया वसूले जाने की शिकायतें मिली हैं।

तीन लाख लोग फंसे, रोडवेज में पैर रखने की जगह नहीं

बसें बंद होने से जयपुर, जोधपुर, बीकानेर, श्रीगंगानगर और पाली सहित कई जिलों में यात्रियों को भारी परेशानी हुई। दावा है कि बसें नहीं चलने से करीब तीन लाख यात्री फंस गए।

जयपुर रोडवेज बस स्टैंड पर भीड़ इतनी थी कि VDO परीक्षा देने जा रहे अभ्यर्थियों को सीट के लिए खिड़की से बसों में घुसना पड़ा।

रेलवे स्टेशनों पर भी 3 गुना यात्री भार दर्ज किया गया।

ऑपरेटर्स बोले– कार्रवाई मनमानी, सुधार को समय दें

बीकानेर बस ऑपरेटर यूनियन अध्यक्ष समुंदर सिंह ने कहा, "हम सभी सुरक्षा मानकों का पालन कर रहे हैं। अगर नए मानक तय किए जा रहे हैं, तो हमें उन्हें लागू करने के लिए कम से कम दो-तीन महीने का समय दिया जाए।" उन्होंने आरोप लगाया कि विभाग मनमाने तरीके से चालान काट रहा है और बसों को सीज कर रहा है।

कई जिलों में असर, कई जगह बसें चलती रहीं

पाली, बाड़मेर, जैसलमेर और जोधपुर में बसें पूरी तरह बंद रहीं, जबकि जयपुर में कुछ बसें सिंधी कैंप से खाटूश्यामजी और दिल्ली रूट पर संचालित होती रहीं। बाड़मेर-जोधपुर रूट पर यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रोडवेज ने बस सर्विस अंतराल 30 मिनट से घटाकर 20 मिनट कर दिया है।

ऑनलाइन बुकिंग बंद, ट्रेनें फुल

जोधपुर, पाली और जयपुर में प्राइवेट बस कंपनियों ने ऑनलाइन और ऑफलाइन बुकिंग काउंटर बंद कर दिए हैं। यात्रियों को तत्काल टिकट न मिलने पर जनरल बोगियों में सफर करना पड़ा। हड़ताल से विवाह सीजन और धार्मिक आयोजनों पर भी असर पड़ रहा है। यात्रियों का कहना है कि अगर जल्द बस सेवा बहाल नहीं हुई तो अगले कुछ दिनों में हालात और बिगड़ सकते हैं।

3 दिन में GST रजिस्ट्रेशन मिलेगा: 2.5 लाख से कम मंथली टैक्स वालों को फायदा; अक्टूबर में 1.96 लाख करोड़ GST कलेक्शन



24 न्यूज अपडेट

छोटे और कम रिस्क वाले बिजनेस के लिए अब GST रजिस्ट्रेशन सिर्फ 3 कारोबारी दिन में मिलेगा। केंद्र सरकार ने आज (1 नवंबर) से छोटे और मध्यम कारोबारियों के लिए नई GST रजिस्ट्रेशन स्कीम शुरू की है। नई स्कीम का फायदा उन व्यापारियों को मिलेगा, जिनका मंथली GST 2.5 लाख रुपए से कम होता है।

वहीं, केंद्र सरकार ने आज अक्टूबर में हुए GST कलेक्शन के आंकड़े जारी किए हैं। अक्टूबर में गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (GST) से 1.96 लाख करोड़ रुपए जुटाए गए हैं। सालाना आधार पर इसमें 4.6% की बढ़ोतरी हुई है।

आंकड़ों के मुताबिक, एक साल पहले यानी अक्टूबर 2024 में सरकार ने 1.87 लाख करोड़ रुपए GST कलेक्ट किया था। वहीं पिछले महीने अगस्त के मुकाबले सितंबर का कलेक्शन 3 हजार करोड़ रुपए बढ़ा है।

सितंबर में सालाना 9.1% की बढ़ोतरी के साथ 1.89 लाख करोड़ रुपए GST वसूला गया था। इससे पहले अप्रैल 2025 में रिकॉर्ड 2.37 लाख करोड़ रुपए और मई में 2.01 लाख करोड़ रुपए GST के रूप में जुटाए गए थे।


नीरजा मोदी स्कूल में चौथी मंजिल से गिरी छात्रा, मौत, पसलियां टूटीं, सिर में गहरी चोट; स्कूल प्रबंधन पर सबूत मिटाने का आरोप, परिजनों ने पोस्टमार्टम से किया इनकार

24 न्यूज अपडेट



जयपुर। शनिवार दोपहर जयपुर के नीरजा मोदी स्कूल में दर्दनाक हादसा हुआ। चौथी कक्षा में पढ़ने वाली 9 वर्षीय छात्रा अमायरा देव की चौथी मंजिल से गिरने से मौत हो गई। घटना दोपहर करीब 1:30 बजे की है। छात्रा झाड़ियों में गिरी, जहां सिर दीवार से टकरा गया। स्कूल स्टाफ मौके पर पहुंचा और बच्ची को तुरंत मेट्रो मास अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अमायरा मानसरोवर के द्वारका अपार्टमेंट में रहती थी। हादसे की सूचना पर मां शिबानी देव और पिता विजय देव अस्पताल पहुंचे, जहां उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। परिजनों ने पोस्टमार्टम से इनकार करते हुए स्कूल प्रबंधन और शिक्षकों के खिलाफ FIR दर्ज कराई। उनका आरोप है कि स्कूल प्रशासन ने न केवल घटना स्थल की सफाई करवा दी, बल्कि खून के धब्बे और अन्य सबूत भी मिटा दिए। संयुक्त अभिभावक संघ राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष अरविंद अग्रवाल और प्रवक्ता अभिषेक जैन बिट्टू ने आरोप लगाया कि छात्रा को शिक्षकों द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा था, जिससे आहत होकर उसने यह कदम उठाया। घटना के बाद मानसरोवर थाना पुलिस और एफएसएल टीम स्कूल पहुंची और मौके से सबूत जुटाए। थाना प्रभारी लखन सिंह ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। प्रारंभिक जांच में छात्रा के चौथी मंजिल पर अकेले जाने और रेलिंग पर बैठने के बाद गिरने की बात सामने आई है। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने घटना को दुखद बताते हुए कहा कि मामले की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।परिजनों की सहमति के बाद रविवार सुबह जयपुरिया अस्पताल में पोस्टमार्टम किया जाएगा। फिलहाल पूरे मामले की जांच जारी है।

आपके नाम पर तो नहीं चल रही फर्जी सिम: इससे परेशानी में पड़ सकते हैं आप, घर बैठे 1 मिनट में चेक करें



24 न्यूज अपडेट

आज-कल ऑनलाइन फ्रॉड के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। ऐसे में आपको इस बात का ध्यान रखना चाहिए की कहीं आपके डॉक्यूमेंट का कोई व्यक्ति गलत इस्तेमाल तो नहीं कर रहा है।

कई बार देखा जाता है कि किसी की ID पर कोई और व्यक्ति सिम चला रहा है और ID वाले व्यक्ति को इस बारे में पता भी नहीं होता है। ऐसे में दूसरे व्यक्ति के उस सिम के गलत उपयोग करने पर निर्दोष व्यक्ति को परेशानी उठानी पड़ती है।

स्टेप बाय स्टेप इस प्रोसेस को फॉलो करें

सबसे पहले tafcop.dgtelecom.gov.in पोर्टल पर जाएं।

यहां बॉक्स में अपना मोबाइल नंबर और कैप्चा कोड भरकर वैलिडेट कैप्चा पर क्लिक करें।

इसके बाद आपके नंबर पर OTP आएगा, इसकी मदद से लॉगइन करें।

अब उन सभी नंबर्स की डिटेल आ जाएगी जो आपकी ID से चल रहे हैं।

लिस्ट में कोई ऐसा नंबर है जिसे आप नहीं जानते, तब उसकी रिपोर्ट कर सकते हैं।

इसके लिए नंबर और 'Not My Number को सिलेक्ट करें।

अब नीचे की तरफ Report के बॉक्स पर क्लिक कर दें।

शिकायत करने के बाद आपको एक टिकट ID रिफरेंस नंबर भी दिया जाता है।

इसके बाद वो नंबर बंद कर दिया जाएगा या आपके आधार कार्ड से हटा लिया जाएगा।

सज्जनगढ़ जैविक उद्यान में बाघ कुमार की मृत्यु, 18 वर्ष 4 माह की पूर्ण की आयु

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर. जैविक उद्यान सज्जनगढ़ में पिछले करीब 8 वर्ष से निवासरत नर बाघ कुमार की शनिवार सुबह मृत्यु हो गई। उप वन संरक्षक वन्यजीव यादवेंद्रसिंह चुण्डावत ने बताया कि शनिवार सुबह दैनिक प्राणी चेकिंग एवं हॉल्डिग क्षेत्र की साफ-सफाई के समय हॉल्डिंग क्षेत्र में ही नर बाघ (कुमार) की मृत्यू हो गई। बाघ कुमार का जन्म 26 जून 2007 को पिलिकुला बायोलॉजिकल पार्क मैंगलोर, कर्नाटक में हुआ। उसके पिता का नाम बाघ पुलाकोस व माता का नाम बाधिन वरोधा था। 13 जुलाई 2017 को जैविक उद्यान सज्जनगढ़ में लाया गया तब उसकी उम्र 10 वर्ष थी। जैविक उद्यान सज्जनगढ़ में पर्यटकों हेतु डिस्प्ले में रहा। गत छह माह से उम्रदराज होने के कारण जोडों में दर्द होने के चलतें नॉन डिस्प्ले क्षेत्र में रखा गया था। 30 अक्टूबर को सुबह चेकिंग के दौरान बाघ कुमार ने रात्रि भोजन नहीं खाया था। चुण्डावत ने बताया कि मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराकर बाघ का अंतिम संस्कार किया गया। मेडिकल बोर्ड में डॉ. महेन्द्र मेहता, डॉ. करमेन्द्र प्रताप सिंह एवं डॉ. हिमांशू व्यास शामिल रहे। अन्येष्टि के दौरान उप वन संरक्षक वन्यजीव,यादवेन्द्र सिंह चुण्डावत, सहायक वन संरक्षक सुरभी शर्मा, क्षेत्रीय वन अधिकारी प्रभुलाल मीणा, सहायक उप निरीक्षक अमजद खॉ, पटवारी गिरधर सिंह राजपूत एवं जैविक उद्यान सज्जनगढ़ के स्टॉफ व ईडीसी सदस्य उपस्थित रहें। मृत बाघ कुमार नें 18 वर्ष 04 माह की उम्र पूरी की। जैविक उद्यान सज्जनगढ़ में वर्तमान में मादा बाघिन विद्या, उम्र लगभग 13 वर्ष, पर्यटकों हेतु डिस्प्ले क्षेत्र में है।

श्रीकाकुलम वेंकटेश्वर मंदिर में भगदड़, 10 की मौत - 25 से अधिक घायल

24 न्यूज अपडेट

श्रीकाकुलम (आंध्र प्रदेश)। एकादशी के अवसर पर शनिवार को श्रीकाकुलम जिले के काशीबुग्गा स्थित प्रसिद्ध वेंकटेश्वर मंदिर में भारी भीड़ के बीच भगदड़ मच गई। इस हादसे में 10 श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जिनमें 8 महिलाएं और 2 बच्चे शामिल हैं, जबकि 25 से अधिक लोग घायल हुए हैं। हादसे के बाद मंदिर परिसर में अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुबह दर्शन के लिए उमड़ी भीड़ के दौरान धक्का-मुक्की में मंदिर की रेलिंग टूट गई। रेलिंग गिरते ही लोग एक-दूसरे पर गिरने लगे और भगदड़ मच गई। मंदिर तक पहुंचने के लिए लगभग 20 सीढ़ियां हैं, जहां यह हादसा हुआ। कई श्रद्धालु वहीं दब गए और महिलाएं-बच्चे बेहोश हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों ने घायलों को निकालकर एम्बुलेंस तक पहुंचाया और कई को मौके पर ही सीपीआर देकर बचाने की कोशिश की। फिलहाल सभी घायलों का इलाज स्थानीय अस्पतालों में चल रहा है।

राज्य की गृह मंत्री अनीता ने हादसे पर दुख जताते हुए उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने बताया कि सामान्य दिनों में मंदिर में 1500 से 2000 श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं, लेकिन एकादशी होने के कारण भीड़ कई गुना बढ़ गई थी।

सामने कौन है, हमें कोई चिंता नहीं, वसुंधरा के बिना हमारा काम नहीं चलता : प्रदेशाध्यक्ष राठौड़

24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, अंता। अंता विधानसभा उपचुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। इस बीच, बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में अंता सीट पर भाजपा की जीत का दावा किया। उन्होंने कहाकृ "हमारे सामने कौन है, हमें इसकी कोई चिंता नहीं है। संगठन की बूथ लेवल तक मजबूत व्यवस्था है। हमारा संगठन एकमुखी है और पन्ना प्रमुखों की नियुक्तियां पूरी हो चुकी हैं। हम यह चुनाव जीत रहे हैं।" राठौड़ के साथ झालावाड़-बारां सांसद दुष्यंत सिंह भी मौजूद रहे। दोनों नेताओं ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। राठौड़ ने कहा कि राजस्थान सरकार का



18 महीने का कार्यकाल जनसेवा, सुशासन और विकास का स्वर्णिम अध्याय साबित हुआ है। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे को लेकर उन्होंने कहा- "वे नियमित मीटिंग ले रही हैं, उनके बिना हमारा काम चलता ही नहीं।"

कांग्रेस नेता गोविंद सिंह डोटासरा के "टेंपो लायक विधायक" वाले बयान पर पलटवार करते हुए राठौड़ ने कहाक "जब वे शिक्षा मंत्री थे, तब ट्रांसफर में रिश्वतखोरी की शिकायतें आम थीं। अगर वे कह दें कि बीजेपी सरकार बनेगी, तो उनकी दुकान आज ही बंद हो जाएगी।" राठौड़ ने हंसी-ठिठोली में कहा कि राजनीति में भाग्य का बड़ा रोल होता है- "मुझे भी अचानक राज्यसभा भेज दिया गया और अचानक प्रदेशाध्यक्ष बना दिया गया।" सांसद दुष्यंत सिंह ने भी क्षेत्र में भाजपा सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों का ब्यौरा देते हुए अंता सीट से पार्टी की जीत का दावा किया। गौरतलब है कि अंता उपचुनाव के लिए 11 नवंबर को मतदान होना है, जिसे लेकर सभी राजनीतिक दलों ने पूरी ताकत झोंक दी है।



संपादकीय : नरमी के संकेत

आज तेजी से बहुध्रुवीय होती दुनिया में वैसे भी किसी देश के लिए यह संभव नहीं है कि यह लंबे समय तक सिर्फ अपने हित में एकतरफा नीतियां लागू करता रहे और उसे दूसरे देशों को मानने पर मजबूर करे। अब आर्थिक से लेकर राजनीतिक स्तर पर शक्ति किसी खास देश में स्थिर या सीमित नहीं है और पिछले दो-तीन दशकों के दौरान विश्व में तेजी से नए ध्रुव खड़े हुए हैं। ऐसी स्थिति में महाशक्ति होने के बावजूद अमेरिका वैश्विक सहयोग और परस्पर निर्भरता के सिद्धांत को अपनी ओर से कुछ समय के लिए टाल भले दे, लेकिन उसे पूरी तरह खारिज नहीं कर सकता । यही वजह है कि कुछ महीने पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जिस तरह दूसरे कई देशों से आया वस्तुओं पर शुल्क लगाने की घोषणा की थी, उस पर उन्हें दोबारा विचार करना पड़ रहा है। एक ओर, भारत ने अपने ऊपर रूस से तेल खरीद पर जुर्माना समेत पचास फीसद तक शुल्क लगाने के बावजूद अपनी नीतियों में कोई बड़ा बदलाव करना जरूरी नहीं समझा, तो दूसरी ओर चीन भी इससे बहुत चिंतित नजर नहीं आया। अब बीते कुछ दिनों से अमेरिका की ओर से जैसे संकेत आ रहे हैं, उससे साफ है कि शुल्क लगाने को लेकर उसके रवैये में थोड़ी नरमी आ रही है। दरअसल, दक्षिण कोरिया के बुसान में आर्थिक सहयोग शिखर सम्मेलन के दौरान गुरुवार को अमेरिका और चीन के राष्ट्रपति के बीच मुलाकात के बाद एक-दूसरे के साथ व्यापार को फिर से पटरी पर लाने पर सहमति बनी। उसके बाद व्यापार युद्ध जैसी स्थिति के खत्म होने की उम्मीद की जा रही है। यों भी, अगर अमेरिका अपने रुख में बदलाव नहीं लाता है, तो व्यापार युद्ध के असर की आंच उस तक भी पहुंच सकती है । इस क्रम में शी जिनपिंग से बातचीत के बाद ट्रंप ने कहा कि चीन के साथ अब दुर्लभ खनिज के व्यापार का मुद्दा सुलझा लिया गया है। इसके साथ ही अमेरिका की ओर से चीन पर लगाए गए शुल्क में दस फीसद की कमी कर दी गई। बदले में अमेरिका से बड़ी मात्रा में सोयाबीन खरीदने के लिए चीन तैयार हो गया है। गौरतलब है कि दुनिया भर में करीब सत्तर फीसद दुर्लभ खनिजों का खनन चीन में होता है। यही नहीं, इसके प्रसंस्करण और निर्यात के लिए भी दुनिया की नब्बे फीसद निर्भरता चीन पर है। यानी संभव है कि इस मामले में चीन की मजबूत स्थिति को देखते हुए ही अमेरिका के रुख में बदलाव आया हो । हालांकि एक दिन पहले ट्रंप ने भारत को लेकर भी पहले के मुकाबले काफी नरम रवैया दर्शाते हुए कहा था कि भारत के साथ अमेरिका व्यापार समझौता कर रहा है। साथ ही, चाबहार बंदरगाह परियोजना पर भी अमेरिकी प्रतिबंधों से भारत को छह महीने की छूट देने की घोषणा सामने आई । जाहिर है, दूसरे देशों की आर्थिक नीतियों को प्रभावित गा संचालित करने की कोशिश के बाद अब अमेरिका इस वास्तविकता को स्वीकार करता दिख रहा है कि दुनिया में राजनीतिक से लेकर आर्थिक स्तर पर शक्ति के ध्रुव जिस रफ्तार से बदल रहे हैं, उसमें कोई एक देश अपना वर्चस्व सब पर थोप नहीं सकता। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि परस्पर सहयोग के लिए एकतरफा तौर पर तय की गई कसौटियां दबाव की नीति के तहत बहुत लंबे समय तक संचालित नहीं की जा सकतीं। अपने हित को सुनिश्चित करने के क्रम में किसी दूसरे देश की नीतियों पर असर डालना या उसके स्वतंत्र फैसलों को बाधित करना उचित नहीं है।

विचित्र भरपाई

यह अजीब बात है कि एक तरफ राज्य सरकारें किसानों की हितैषी होने का दावा करती है, तो दूसरी और उनकी घोर उपेक्षा करती हैं। यह हाल तब है जबकि भारत को कृषि प्रधान देश माना जाता है और किसानों को अन्नदाता । पिछले कई वर्षों में किसानों की चुनौतियां बढ़ी हैं। कई राज्यों में उन्हें प्रकृति के कोप का सामना करना पड़ रहा है। सूखे की मार से लेकर बाढ़ बारिश और पाले से फसलों की बर्बादी बढ़ गई है। मगर राहत के नाम पर किसानों को जिस तरह की फौरी मदद दी जाती है, उससे कई बार तो व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों की समझ और विवेक पर भी सवाल उठता है। महाराष्ट्र के अकोला जिले में उनकी लापरवाही साफ दिखी, जहां भारी बारिश से फसलों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए प्रधानमंत्री बीमा योजना के तहत किसानों को महज तीन से इक्कीस रुपए दिए गए। यह राशि सचमुच उन अन्नदाताओं का मजाक था, जो अपने खेत-खलिहानों में रात-दिन पसीना बहा कर फसल उगाते हैं। स्वाभाविक रूप से किसानों ने इसे न केवल अपनी दुर्दशा का मजाक माना, बल्कि नाराजगी जताते हुए जिला कलेक्टर के कार्यालय में जाकर सहायता राशि के चेक लौटा दिए। सवाल है कि फसलों का लागत मूल्य पता लगाने और उसका वास्तविक आकलन करके किसानों को सहायता राशि देने की जिम्मेदारी किसकी थी? गौरतलब है कि हरियाणा से लेकर पंजाब और महाराष्ट्र तक किसानों को बाढ़ और बारिश का सामना करना पड़ा है। इन राज्यों में राहत के लिए उठाए गए कदमों से ज्यादातर किसान संतुष्ट नहीं दिखते। महाराष्ट्र के नागपुर में फसलों के नुकसान का मुआवजा और संपूर्ण कर्ज माफी तथा न्यूनतम समर्थन मूल्य के लिए किसानों को आंदोलन करना पड़ा है। हैरत है कि इस पूरे परिदृश्य के बीच किसानों के बैंक खाते में इतनी न्यूनतम राशि किस आधार पर जमा कराई गई। क्या राज्य सरकार ने भारी बारिश से हुए फसलों के नुकसान का वास्तविक आकलन नहीं कराया था ? अकोला जिले में सितंबर में हुई बारिश से फसलों को व्यापक नुकसान पहुंचा है। ऐसे में इतनी छोटी राशि देकर न केवल किसानों की उपेक्षा की गई, बल्कि उनके श्रम का भी अपमान किया गया है।

हवाई फायरिंग के आरोपियों का जुलूस निकालकर पुलिस ने दिया सख्त संदेश



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 1 नवंबर। हाथीपोल थाना क्षेत्र में हाल ही में हुई हवाई फायरिंग की घटना के बाद पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए आरोपियों का अनोखे तरीके से जुलूस निकाला। पुलिस ने आरोपियों — माजिद, राहिल, दानिश, नदीम और शाकिर — के सिर मुंडवाकर सलवार-सूट पहनाए और उन्हें थाना क्षेत्र के भीड़भाड़ वाले इलाकों में पैदल घुमाया। इस दौरान पुलिस ने स्थानीय लोगों को कानून व्यवस्था का संदेश देते हुए बताया कि अपराध और दहशत फैलाने वालों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा। घटना के समय पूरे इलाके में भारी पुलिस जाब्ता तैनात रहा ताकि किसी तरह की अप्रिय स्थिति न बने।जानकारी के अनुसार, कुछ दिन पहले इन आरोपियों ने इलाके में हवाई फायरिंग कर दहशत फैलाने की कोशिश की थी। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी को गिरफ्तार कर लिया था। आज की इस कार्रवाई से पुलिस ने साफ संदेश दिया कि कानून से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

ऑपरेशन चक्रव्यूह की बड़ी सफलता: प्रतापगढ़ पुलिस ने 5 करोड़ की एमडी ड्रग जब्त की, एक तस्कर गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

नाकाबंदी तोड़कर भाग रहे आरोपी के बैग से मिली 2 किलो 227 ग्राम एमडी; अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क तक पहुंचने की कोशिश प्रतापगढ़। जिला पुलिस अधीक्षक बी. आदित्य के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत प्रतापगढ़ पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। डीएसटी टीम और थाना हथुनिया पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई में एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से करीब 5 करोड़ मूल्य की 2 किलो 227 ग्राम एमडी (मेथ) ड्रग बरामद की है।

पुलिस अधीक्षक बी. आदित्य ने बताया कि शुक्रवार, 31 अक्टूबर को पुलिस उप अधीक्षक वृत्त प्रतापगढ़ गजेन्द्र सिंह राव के मार्गदर्शन में डीएसटी टीम एवं थानाधिकारी हथुनिया इन्द्रजीत परमार मय जाप्ते के साथ बागलिया से बरोठा मार्ग पर नाकाबंदी कर रहे थे। इस दौरान एक बिना नंबरी अपाचे मोटरसाइकिल तेज गति से आती दिखाई दी। पुलिस ने चालक को रुकने का संकेत दिया, लेकिन उसने नाकाबंदी तोड़कर भागने की कोशिश की। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। गिरफ्तार व्यक्ति ने अपना नाम अकबर पठान पुत्र डेरान खान (40), निवासी कोटड़ी बताया। तलाशी के दौरान उसके बैग से 2 किलो 227 ग्राम एमडी ड्रग बरामद हुई। पूछताछ में अकबर ने खुलासा किया कि वह यह मादक पदार्थ बदरू उर्फ पीर मोहम्मद निवासी बागलिया से लेकर आया था और इसे नयुम पुत्र नमरोज खान पठान निवासी कोटड़ी को देने जा रहा था। पुलिस ने बिना अनुज्ञापत्र मादक पदार्थ के परिवहन पर अकबर पठान को गिरफ्तार कर लिया तथा ड्रग और बिना नंबरी मोटरसाइकिल जब्त की। इस संबंध में थाना हथुनिया पर एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच का कार्य थानाधिकारी अरनोद हजारीलाल को सौंपा गया है। प्रकरण में मुख्य आरोपी अकबर खान के अलावा बदरू उर्फ पीर मोहम्मद और नयुम को भी नामजद किया गया है। पुलिस अब इस अंतरराष्ट्रीय स्तर के ड्रग नेटवर्क की जड़ तक पहुंचने के लिए गहन जांच कर रही है। इस कार्रवाई में डीएसटी प्रभारी एएसआई पन्नालाल, कांस्टेबल विनोद कुमार, नरेन्द्र सिंह, पंकज, संदीप कुमार, हेमेन्द्र, तथा साइबर सेल प्रतापगढ़ के कांस्टेबल रमेशचंद्र की विशेष भूमिका रही।

उदयपुर में कल होगा वीडीओ भर्ती परीक्षा का आयोजन, 38 हजार से ज्यादा अभ्यर्थी देंगे परीक्षा



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर. राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा आयोजित वीडीओ (ग्राम विकास अधिकारी) भर्ती परीक्षा का आयोजन कल रविवार को उदयपुर सहित प्रदेशभर में होगा। परीक्षा एक ही पारी में सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित की जाएगी। अभ्यर्थियों को सुबह 10 बजे तक परीक्षा केंद्र में प्रवेश मिल सकेगा। उदयपुर जिले में कुल 121 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां 38,094 अभ्यर्थियों के बैठने की व्यवस्था की गई है। परीक्षा के दौरान बायोमैट्रिक वेरिफिकेशन के बाद ही अभ्यर्थियों को प्रवेश मिलेगा ताकि नकल और फर्जीवाड़े पर रोक लगाई जा सके। इस परीक्षा की निगरानी के लिए प्रशासन ने 21 फ्लाइंग स्क्वायड गठित किए हैं। हर स्क्वायड में एक प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षा अधिकारी और पुलिसकर्मी शामिल रहेंगे। उदयपुर के सरकारी और निजी स्कूलों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इनमें सबसे दूर का केंद्र पीएम श्री काया स्कूल है, जो शहर से करीब 20 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। इसके अलावा इंडो अमेरिकन स्कूल (बलीचा), अरावली टीटी कॉलेज (देबारी) और सीसारमा का सरकारी स्कूल जैसे स्थानों पर भी परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। यह परीक्षा 850 पदों के लिए आयोजित की जा रही है, जिसमें उदयपुर सहित राजस्थान के कई जिलों के अभ्यर्थी भाग ले रहे हैं। आने वाली परीक्षाएं भी तय इसी महीने 9 नवंबर को राजस्थान लोक सेवा आयोग (RPSC) द्वारा उप निरीक्षक (दूरसंचार) परीक्षा-2024 आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा गृह विभाग के 98 पदों के लिए ली जाएगी। परीक्षा 5 संभाग मुख्यालयों पर आयोजित होगी और इसमें 77 हजार से अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे। RPSC ने जानकारी दी है कि इस परीक्षा के प्रवेश पत्र 6 नवंबर को जारी किए जाएंगे। इस महीने दो रविवार को प्रमुख भर्ती परीक्षाएं आयोजित की जा रही हैं — पहला कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा और दूसरा RPSC द्वारा।

CCTV लेकसिटी में चोर मस्त, पुलिस पस्त। नगर निगम कर्मचारी की बाइक चोरी



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर शहर के बीचोबीच... चोरों के हौसले एक बार फिर सिर बुलंद होते नजर आ रहे हैं। पुलिस का खौफ पूरी तरह से खत्म हो गया है। इस सीसीटीवी फुटेज को देख कर आप खुद कहेंगे कि वास्तव में आमजन में भय का माहौल है। चोर बड़े आराम से चोरी करते नजर आ रहे हैं। लेकसिटी में बीती रात 2 बजकर 21 मिनट पर, सूरजपोल थाना क्षेत्र की ठक्कर बाप्पा कॉलोनी में तीन अज्ञात बदमाश पहुंचे...और कुछ ही मिनटों में नगर निगम के जमादार महेंद्र वाल्मीकि की बुलेट क्लासिक 350 बाइक लेकर फरार हो गए। पूरा घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। फुटेज में तीनों बदमाश साफ दिखाई दे रहे हैं कृ लेकिन अब तक उनका कोई सुराग नहीं मिल पाया है। लोगों में इस घटना को लेकर रोष है... और इलाके में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। सीसीटीवी में दिख रहा है कि तीन युवक आराम से गली में पहले एक दूसरे से बात करके प्लान बना रहे हैं, उसके बाद बिना किसी खौफ के बाइक का ताला तोड़कर पैदल ही बाइक लेकर बड़े आराम से आगे बढ़ रहे हैं। आपको बता दें कि पिछले दिनों चोरी के कई मामलों में पुलिस की सुस्ती साफ देखी जा रही है। सीसीटीवी फुटेज देने के बाद भी महीनों तक पुलिस अपनी तरफ से कोई कार्रवाई नहीं करती। रिपोर्ट लिखवाने वाले खुद सीसीटीवी फुटेज पुलिस को दे रहे हैं लेकिन पुलिस उसके आगे की जांच करने में ही टालमटोल कर रही है। स्मार्ट सिटी बन जाने के बाद तो उम्मीद की जा रही थी कि चोरों के हौसले पस्त होंगे, लेकिन यहां तो बढ़ते ही जा रहे हैं। रात्रि गश्त भी ऐसा लग रहा है कि केवल नाम मात्र की हो रही है। जितनी मुस्तैदी पुलिस चौराहों पर दुपहिया वाहनों के चालान बनाने में दिखाती है, उतनी भी रात को दिखा दी होती तो यह नजारे नहीं देखने पड़ते।

उदयपुर–गोगुंदा हाईवे पर चट्टान गिरने से मचा हड़कंप, बड़ा हादसा टला



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर. उदयपुर–गोगुंदा हाईवे पर शनिवार सुबह अचानक पहाड़ी से चट्टान का मलबा टूटकर सड़क पर गिरने से अफरा-तफरी मच गई। पत्थरों के टुकड़े गिरते देख हाईवे से गुजर रहे वाहन चालकों में घबराहट फैल गई। हालांकि, गनीमत रही कि समय रहते कार चालकों ने वाहन रोक दिए, जिससे बड़ा हादसा टल गया। घटना होटल कीर्ति राज के सामने विकेट मोड़ के पास हुई, जहाँ पहाड़ से एक बड़ी चट्टान का हिस्सा टूटकर सीधे सड़क पर आ गिरा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, उसी वक्त दो कारें वहां से गुजर रही थीं, लेकिन ड्राइवरों ने सतर्कता दिखाते हुए गाड़ियां रोक दीं। पिछले चार दिनों से लगातार रुक-रुककर हो रही बारिश के चलते पहाड़ी ढलानों की मिट्टी ढीली पड़ गई है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि इसी पहाड़ी का एक और बड़ा हिस्सा भी दरक चुका है, जो किसी भी समय नीचे गिर सकता है। घटना की सूचना ग्रामीणों ने तुरंत हाईवे पेट्रोलिंग टीम को दी। टीम मौके पर पहुंची और सड़क से गुजर रहे वाहनों को सावधानीपूर्वक पार कराने की व्यवस्था की। साथ ही, यात्रियों को सलाह दी गई कि बारिश के दौरान वाहन की गति धीमी रखें और पहाड़ी मोड़ों पर सतर्कता बरतें। इस घटना के बाद प्रशासन ने गोगुंदा हाईवे पर यात्रियों को अलर्ट किया है और क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी गई है।

इंटरनेट ऑफ थिंग्स पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी) के कंप्यूटर साइंस एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी विभाग में "इंटरनेट ऑफ थिंग्स (IoT)" विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। विभाग की निदेशक प्रो. मंजू माण्डोत ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए अतिथियों एवं विद्यार्थियों का स्वागत किया और कहा कि आधुनिक तकनीकों में IoT की भूमिका तेजी से बढ़ रही है, जिसने हमारे दैनिक जीवन को सरल और सुविधाजनक बनाया है। मुख्य वक्ता प्रो. सुरेन्द्र यादव, डीन एवं डायरेक्टर, कंप्यूटर डिपार्टमेंट, विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी, जयपुर ने विद्यार्थियों को IoT के सैद्धांतिक और प्रायोगिक पहलुओं से अवगत कराया। उन्होंने लाइव डेमो के माध्यम से बताया कि किस प्रकार IoT तकनीक ने स्मार्ट और कनेक्टेड डिवाइसेज़ के जरिए मानव जीवन में क्रांतिकारी परिवर्तन लाया है। कार्यशाला के दौरान विभाग के संकाय सदस्य — डॉ. मनीष श्रीमाली, डॉ. भारत सिंह देवड़ा, डॉ. गौरव गर्ग, डॉ. भरत सुखवाल, डॉ. दिलीप चौधरी, श्री मुकेश नाथ, श्री त्रिभुवन सिंह बमनिया और श्री चिराग दवे उपस्थित रहे। सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों से संवाद किया और उनके प्रश्नों के उत्तर दिए। यह कार्यशाला विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुई, जिसने उन्हें IoT के विभिन्न व्यावहारिक पहलुओं और तकनीकी नवाचारों को समझने का उत्कृष्ट अवसर प्रदान किया।

हिमांशु जैन को मिली पीएचडी की उपाधि



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड-टू-बी विश्वविद्यालय ने हिमांशु जैन को कम्प्यूटर साइंस एंड आईटी संकाय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उन्होंने "रियल एस्टेट में क्लाइंट इंटरफेस के लिए ब्लॉकचेन आधारित स्मार्ट कॉन्ट्रैक्ट्स का डिजाइन" विषय पर शोध कार्य पूरा किया।

डॉ. जैन ने यह शोध कार्य विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. तरुण श्रीमाली के निर्देशन में किया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस उपलब्धि पर डॉ. हिमांशु जैन को बधाई दी और उनके अनुसंधान को तकनीकी क्षेत्र में उपयोगी योगदान बताया।

डॉ. देवेंद्र सरीन आईएपी के नॉर्थ जोन वाइस प्रेसिडेंट (2026) बने, 25 साल बाद राजस्थान को मिला गौरव



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, भारतीय बाल चिकित्सा अकादमी (Indian Academy of Pediatrics - IAP) के हाल ही में हुए राष्ट्रीय चुनावों में उदयपुर के वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. देवेंद्र सरीन ऐतिहासिक विजय दर्ज करते हुए नॉर्थ ज़ोन वाइस प्रेसिडेंट के पद पर चुने गए हैं। 25 साल बाद राजस्थान को यह गौरव मिला है।

वर्ष 2026 के लिए वाइस प्रेसिडेंट के रूप में डॉ. सरीन अब राष्ट्रीय स्तर पर जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़, दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस दौरान वे बाल चिकित्सा से जुड़े विभिन्न विषयों पर राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित सेमिनारों, वर्कशॉप्स और कॉन्फ्रेंसेज में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। राजस्थान से इस चुनाव में एग्जीक्यूटिव बोर्ड मेंबर के रूप में डॉ. विष्णु पंसारी, डॉ. बी.एल. मेघवाल और डॉ. अनुराग तोमर भी निर्वाचित हुए हैं। उदयपुर के चिकित्सा जगत में डॉ. सरीन की इस उपलब्धि पर हर्ष की लहर है और चिकित्सा समुदाय ने उन्हें हार्दिक बधाई दी है।

एमपीयूएटी का 26वां स्थापना दिवस समारोह : शिक्षा के साथ कौशल विकास पर रहेगा फोकसः कुलगुरू डॉ. प्रताप सिंह



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एमपीयूएटी) का 26वां स्थापना दिवस समारोह शनिवार को राजस्थान कृषि महाविद्यालय के नूतन सभागार में भव्य रूप से आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोटा कृषि विश्वविद्यालय एवं मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के कार्यवाहक कुलगुरू डॉ. भगवती प्रसाद सारस्वत रहे, जबकि अध्यक्षता एमपीयूएटी के नवनियुक्त कुलगुरू डॉ. प्रताप सिंह ने की। डॉ. सारस्वत ने कहा कि दक्षिणी राजस्थान की भौगोलिक संरचना, जलवायु और जनजातीय क्षेत्र की विशेषताओं को ध्यान में रखते हुए एमपीयूएटी को जनजाति कृषकों के हितार्थ विशिष्ट कार्यक्रम चलाने होंगे, ताकि लघु और सीमांत किसानों की आय में वृद्धि हो सके। उन्होंने कहा कि स्थापना दिवस आत्ममंथन का दिन होता है, जहां उपलब्धियों पर गर्व के साथ अपूर्ण कार्यों पर मंथन किया जाए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि डॉ. प्रताप सिंह के ऊर्जावान नेतृत्व में विश्वविद्यालय नई ऊंचाइयों को छुएगा।

समारोह की अध्यक्षता करते हुए कुलगुरू डॉ. प्रताप सिंह ने कहा कि देवउठनी एकादशी के पावन दिन विश्वविद्यालय का स्थापना दिवस मनाया जाना शुभ संयोग है। उन्होंने पूर्व कुलगुरुओं को देवतुल्य बताते हुए कहा कि अब शिक्षा के साथ कौशल विकास पर विशेष फोकस रहेगा। मानव संसाधन और वित्तीय प्रबंधन की चुनौतियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि "पर्सन, पे और पेंशन" से जुड़ी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता रहेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री के "विकसित भारत 2047" के लक्ष्य को साकार करने के लिए कृषि वैज्ञानिकों से नवाचार और समग्र सोच के साथ योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में एमपीयूएटी के निवर्तमान कुलगुरू डॉ. अजीत कुमार कर्नाटक ने कहा कि जोबनेर के बाद महाराणा प्रताप कृषि विश्वविद्यालय राज्य में कृषि शिक्षा का प्रमुख ध्वजवाहक है। वहीं पूर्व कुलगुरू डॉ. उमाशंकर शर्मा ने बंद अनुसंधान कार्यों, डिप्लोमा कोर्स एवं फ्लावर शो पुनः आरम्भ करने की जरूरत बताई।

पूर्व महानिदेशक आईसीएआर, नई दिल्ली डॉ. एन.एस. राठौड़ एवं पूर्व कुलगुरू डॉ. एस.एल. मेहता ने विश्वविद्यालय को अपनी सकारात्मक संभावनाओं को पहचानने और देश का सर्वश्रेष्ठ कृषि विश्वविद्यालय बनाने का आह्वान किया।

पूर्व कुलगुरू डॉ. बी.एल. वर्मा ने कहा कि कृषि केवल पेशा नहीं, बल्कि संस्कृति है और इसके लिए "अच्छे-सच्चे शिक्षकों" की आवश्यकता है। वयोवृद्ध शिक्षाविद् डॉ. वी.बी. सिंह ने विश्वविद्यालय की स्थापना में ठाकुर गुलाब सिंह शक्तावत की भूमिका का स्मरण किया। समारोह में सभी अतिथियों ने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप एवं कृषि वैज्ञानिक डॉ. ए. राठौड़ की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित की।

विश्वविद्यालय की 26 वर्षों की उपलब्धियों का प्रतिवेदन निदेशक अनुसंधान डॉ. अरविन्द वर्मा ने प्रस्तुत किया। स्वागत उद्बोधन अधिष्ठाता डॉ. एम.के. महला ने दिया तथा संचालन डॉ. विशाखा बंसल ने किया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने डॉ. निकिता वधावन एवं डॉ. लोकेश गुप्ता की पुस्तक "फ्रूट एंड वेजीटेबल प्रिजर्वेशन एवं प्रोसेसिंग" तथा डॉ. हरिसिंह एवं डॉ. अरविन्द वर्मा की पुस्तक "बियोन्ड राइजः इनसाइट्स फ्रॉम क्रॉप डाइवर्सिफिकेशन" का विमोचन भी किया।



भीलवाड़ा में चोरों ने मंदिर का ताला काट कर चांदी का छत्र चुराया, भक्तों में आक्रोश



24 न्यूज अपडेट

भीलवाड़ा। शहर में शुक्रवार रात चोरों ने एक हनुमान (बालाजी) मंदिर को निशाना बनाते हुए बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने लोहे के कटर से मंदिर का ताला काटकर अंदर प्रवेश किया और हनुमानजी की प्रतिमा पर लगा लगभग 600 ग्राम वजनी चांदी का छत्र चोरी कर लिया। शनिवार सुबह जब मंदिर के पुजारी भगवानलाल शर्मा पूजा के लिए मंदिर पहुंचे, तो उन्होंने मंदिर का ताला टूटा हुआ देखा और प्रतिमा से छत्र गायब पाया। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही प्रतापनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटना स्थल का मुआयना किया। चोरी की खबर फैलते ही आसपास के क्षेत्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। पुजारी ने बताया कि हर रोज की तरह उन्होंने शुक्रवार रात शयन आरती के बाद मंदिर बंद कर ताला लगाया था। सुबह लौटने पर ताला टूटा और छत्र गायब मिला। भक्तों ने पुलिस गश्त व्यवस्था पर नाराजगी जताते हुए कहा कि क्षेत्र में पुलिस की लचर गश्त के कारण चोरों के हौसले बढ़े हुए हैं। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

दोवड़ा में मोबाइल दुकान से चोरों ने उड़ाए हजारों के मोबाइल और कैमरा



24 न्यूज अपडेट

डूंगरपुर। जिले के दोवड़ा थाना क्षेत्र में गुरुवार तड़के एक मोबाइल दुकान को चोरों ने निशाना बनाया। चोरों ने दुकान का ताला और शटर तोड़कर हजारों रुपए के मोबाइल फोन, कैमरा और एसेसरीज चोरी कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। ऊपरगांव निवासी दिनेश पाटीदार ने बताया कि उनकी दोवड़ा बाजार में मोबाइल रिपेयरिंग और बिक्री की दुकान है। बुधवार देर शाम वे रोज की तरह दुकान बंद कर घर चले गए थे, लेकिन गुरुवार सुबह सूचना मिली कि दुकान का ताला और शटर टूटा हुआ है। दिनेश जब मौके पर पहुंचे तो देखा कि दुकान का सामान बिखरा पड़ा है। जांच करने पर पता चला कि चोर सात नए मोबाइल फोन, एक कैमरा, मरम्मत के लिए आए सात मोबाइल और कई महंगी एसेसरीज ले गए हैं। चोरी हुए सामान की कीमत हजारों रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है ताकि चोरों की पहचान की जा सके। इस घटना के बाद क्षेत्र के व्यापारियों में रोष और दहशत का माहौल है। व्यापारियों ने पुलिस प्रशासन से रात की गश्त बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

एमडीएस विद्यालय के छात्रों की राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड (IOQM) में उल्लेखनीय सफलता, उदयपुर से सर्वाधिक 8 विद्यार्थी चयनित



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 29 अक्टूबर 2025। एमडीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल, उदयपुर ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता का परिचय देते हुए इंडियन ओलंपियाड क्वालिफायर इन मैथमेटिक्स (IOQM) 2025 में शानदार उपलब्धि हासिल की है। दक्षिण राजस्थान क्षेत्र से सर्वाधिक चयन एमडीएस विद्यालय के छात्रों का हुआ है, जो विद्यालय के लिए गर्व का विषय है। इस वर्ष एमडीएस के जिन विद्यार्थियों ने IOQM में सफलता प्राप्त की है, उनमें — स्नेहा बंसल (कक्षा 10वीं), एंजेल जैन (कक्षा 11वीं), गर्विता अग्रवाल (कक्षा 11वीं), अंशुमन बंसल (कक्षा 11वीं), अंतस सोनी (कक्षा 11वीं), मानस पुरोहित (कक्षा 11वीं), कुशाग्र डागलिया (कक्षा 12वीं) तथा पियूष मेघवाल (कक्षा 12वीं) शामिल हैं। विद्यालय परिवार ने सभी चयनित विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए आगामी चरण RMO (Regional Mathematical Olympiad) के लिए शुभकामनाएँ दी हैं। विद्यालय निदेशक डॉ. शैलेन्द्र सोमानी ने इस अवसर पर कहा कि — "एमडीएस सदैव विद्यार्थियों में तार्किक चिंतन, विश्लेषणात्मक दृष्टिकोण और गणित के प्रति रुचि को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। हमारे छात्रों की यह उपलब्धि विद्यालय के समर्पित शिक्षकों और निरंतर मेहनत का परिणाम है।" उन्होंने आगे कहा कि यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का कार्य करेगी और एमडीएस विद्यालय को गणितीय उत्कृष्टता के केंद्र के रूप में और अधिक सशक्त बनाएगी।

डीएसटी और कोटड़ा थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई - खेतों से 239.800 किलो हरा गांजा जब्त, आरोपी फरार



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 1 नवम्बर। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत डीएसटी टीम और थाना कोटड़ा पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। टीम ने कोटड़ा थाना क्षेत्र के डूंगरिया गांव में की गई कार्रवाई के दौरान 239.800 किलोग्राम हरे गांजे के पौधे जब्त किए हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) गोपाल स्वरूप मेवाड़ा और वृताधिकारी कोटड़ा राजेन्द्र सिंह के सुपरविजन में की गई इस कार्रवाई का नेतृत्व थानाधिकारी मूंगलाराम ने किया। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि रूमाल पुत्र भमरू निवासी डूंगरिया अपने खेत में अवैध रूप से गांजे की खेती कर रहा है। सूचना के आधार पर की गई दबिश में पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में हरे गांजे के पौधे जब्त किए, जबकि आरोपी रूमाल मौके से फरार हो गया। इस संबंध में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत प्रकरण संख्या 167/25 दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया है। फरार आरोपी की तलाश जारी है। इसके अलावा, पुलिस को मिली एक अन्य सूचना के आधार पर नारायण पुत्र हामीरा निवासी डूंगरिया के खेत में भी करीब दो बीघा जमीन पर अवैध गांजे की खेती पाई गई है, जिस पर कार्रवाई जारी है । इस कार्रवाई में कोटड़ा थाना पुलिस के साथ डीएसटी प्रभारी विक्रम सिंह (स.उ.नि.) एवं उनकी टीम के सदस्य — हितेन्द्र सिंह, गणेश सिंह, भंवरलाल, योगेश, जगदीश, कमलेश, सुमित, मुकेश, शक्तिसिंह और सुमेरसिंह — सक्रिय रूप से शामिल रहे। पुलिस अधीक्षक ने टीम की इस सफलता की सराहना करते हुए कहा कि जिले में मादक पदार्थों की अवैध खेती और तस्करी के खिलाफ कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

मछली पकड़ने गया युवक बारूदी टोटा फटने से गंभीर रूप से घायल - एक आंख फूटी, हाथ की तीन उंगलियां और हथेली के चीथड़े उड़ गए



24 न्यूज अपडेट

बांसवाड़ा, 1 नवम्बर। जिले के पीपलवा गांव (कोतवाली थाना क्षेत्र) में शुक्रवार देर रात एक युवक मछली पकड़ने गया था, जहां हाथ में बारूदी टोटा (क्रूड बम) फट जाने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में युवक की एक आंख फूट गई, हाथ की तीन उंगलियां और हथेली के चीथड़े उड़ गए, जबकि शरीर के कई हिस्सों पर चोटें आई हैं। घायल युवक को ग्रामीणों ने तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है। घटना धामनिया तालाब के पास करीब 3:30 बजे की बताई जा रही है। घायल युवक की पहचान कमलेश मीणा के रूप में हुई है, जो अपने दोस्तों के साथ तालाब में मछलियां पकड़ने गया था। इस दौरान उसने पानी में मछली मारने के लिए बारूदी टोटा फेंकने की कोशिश की, लेकिन समय का गलत अंदाजा लगने से टोटा उसके हाथ में ही फट गया। ग्रामीणों के अनुसार, ये बारूदी टोटे माइंस एरिया से चोरी होकर बाजार में 80 से 100 रुपए में बेचे जा रहे हैं, जबकि इनका उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित है। इन्हें आमतौर पर पत्थर तोड़ने के काम में लाया जाता है, परंतु कुछ लोग मछली पकड़ने के लिए अवैध रूप से इनका इस्तेमाल करते हैं। डीएसपी गोपीचंद मीणा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। बिना लाइसेंस के ऐसे विस्फोटक पदार्थों का रखना या बेचना अपराध है और इसमें आजीवन कारावास तक का प्रावधान है। ग्रामीणों ने बताया कि इस प्रकार के हादसे बार-बार हो रहे हैं क्योंकि टोटा फेंकते समय जरा सी देरी भी जानलेवा साबित होती है। इससे पहले भी बांसवाड़ा जिले में दो अलग-अलग जगहों पर ऐसे विस्फोट हो चुके हैं, जिनमें युवकों के हाथ-पांव बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुए थे। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से इन अवैध बारूदी टोटों की बिक्री पर सख्त कार्रवाई करने और बाजार में इनकी आपूर्ति रोकने की मांग की है।

पतंजलि परिवार का 15 दिवसीय सह-योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर शुरू, उदयपुर को 'योगमय' बनाने की दिशा में नया संकल्प




24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। पतंजलि परिवार द्वारा आयोजित 15 दिवसीय सह-योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ आज प्रातः 5:30 बजे से 7:30 बजे तक जगन्नाथ धाम मंदिर परिसर, हिरण मंगरी सेक्टर-7 में हुआ। इस शिविर का उद्देश्य उदयपुर में नए योग शिक्षकों को प्रशिक्षित कर सम्पूर्ण जिले को स्वस्थ, निरोग और योगमय बनाना है। शिविर का शुभारंभ जगन्नाथ धाम व्यवस्था समिति के अध्यक्ष श्री घनश्याम जी पालीवाल द्वारा भगवान जगन्नाथ जी के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं ईश वंदना कर किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में साधक, योग शिक्षक और पतंजलि परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। प्रशिक्षण संयोजक आचार्य अनीता पालीवाल ने बताया कि शिविर के प्रथम दिन पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से प्रशिक्षित योगाचार्य विजय बहादुर यादव ने उपस्थित साधकों एवं योग शिक्षकों को पूरे शरीर के प्रत्येक अंग की सूक्ष्म क्रियाओं, स्ट्रेचिंग और शीथलीकरण के माध्यम से अभ्यास करवाया तथा उनके स्वास्थ्य लाभों और तकनीकी बारीकियों पर विस्तार से जानकारी दी।

स्थानीय योग प्रशिक्षक श्याम मठपाल ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य उदयपुर के प्रत्येक कोने में योग का प्रचार-प्रसार करना है ताकि यहां तैयार किए जा रहे योग शिक्षक आगे चलकर जन-जन तक योग की अलख जगा सकें। योग विस्तारक अशोक कनेरिया ने जानकारी दी कि शिविर के आगामी सत्रों में प्रशिक्षुओं को अष्टांग योग के व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक पहलुओं, भारतीय दर्शन, एक्यूप्रेशर तथा प्राकृतिक चिकित्सा का गहन प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

शिविर के माध्यम से पतंजलि परिवार ने संकल्प लिया है कि योग की इस विद्या को समाज के हर वर्ग तक पहुँचाया जाएगा, जिससे उदयपुर जिला पूर्णतः निरोग, सजग और योगमय बन सके।

डीजीपी राजीव शर्मा खुद दौड़े पुलिसकर्मियों के साथ - जयपुर में गूंजा एकता का संदेश



24 न्यूज अपडेट

जयपुर। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर शुक्रवार को राजधानी जयपुर में राष्ट्रीय एकता का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के संकल्प के साथ आयोजित 'रन फॉर यूनिटी' (राष्ट्रीय एकता दौड़) में प्रदेश के पुलिस महानिदेशक श्री राजीव शर्मा स्वयं पुलिसकर्मियों और नागरिकों के साथ कदम से कदम मिलाकर दौड़े।

उनके साथ वरिष्ठ अधिकारी, पुलिसकर्मी, विद्यार्थी और आमजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। दौड़ के दौरान हर ओर देशभक्ति और एकता का उत्साह नजर आया। गांधी सर्किल से प्रारंभ होकर बिड़ला मंदिर, रामबाग और अंबेडकर सर्किल से गुजरती हुई यह दौड़ अमर जवान ज्योति पर संपन्न हुई, जहाँ एकता और अखंडता के जयघोष गूंज उठे।

इस दौड़ का उद्देश्य देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के प्रति नागरिकों में जागरूकता और गर्व की भावना उत्पन्न करना था। जयपुर की सड़कों पर दौड़ते हुए पुलिसकर्मियों और युवाओं का उत्साह पूरे शहर के लिए प्रेरणास्रोत बन गया।

पुलिस मुख्यालय में राष्ट्रीय एकता की शपथ

दौड़ के सफल समापन के बाद पुलिस मुख्यालय में विशेष शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर डीजीपी श्री राजीव शर्मा ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता बनाए रखने की शपथ दिलाई।

कार्यक्रम में अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस हवा सिंह घुमरिया, बीजू जॉर्ज जोसेफ, रूपिंदर सिंह, भूपेंद्र साहू, बी.एल. मीणा तथा पुलिस महानिरीक्षक प्रफुल्ल कुमार सहित पुलिस मुख्यालय के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

भ्रष्टाचार विकास प्राधिकरण : तीन मंजिला होटल बना तो अफसरों ने माल कमाया, शिकायत हुई तो सीज कर दिया, कब तक चलेगा खेल, कहां तक जाती है मनी ट्रेल???

24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। उदयपुर विकास प्राधिकरण नही, अब आप इसे भ्रष्टाचार विकास प्राधिकरण कह सकते हैं। यहां पर सारा काम सेटिंग से होता है। नोट फेंको और बड़े बड़े भवन, होटल बनवा लो। जिनकी जिम्मेदारी है वो तब तक चुप रहेंगे जब तक उस भवन के खिलाफ कोई पॉलिटिकल शिकायत नहीं हो जाती। या फिर कोर्ट का आदेश नहीं आ जाता। याने जब बहुमंजिला अवैध निर्माण बिना अनुमति के हो रहा हो तब फिकर-नोट क्योंकि जेब में आ गए होते हैं रिश्वत के नोट। अचानक आंखें बंद हो जाती है। पटवारी से लेकर बड़ी कुर्सी पर बैठै अफसर तक एकदम चुपचाप बैठ जाते हैं। मजे की बात है कि वही अफसर अचानक एक दिन नींद से जागते हैं और कहते हैं कि चलो अब ईमानदारी का चोला ओढ़ लेते हैं, कुछ तूफानी करते हैं। और अवैध भवन सीज हो जाता है। इस बीच में कानूनी पकड़ से बचने के लिए नोटिस-नोटिस का खेल खेलते रहते है फाइलों में। ताकि जब जवाब देने की बारी आए तो मासूमियत से कहकर बचा जा सके कि हमने तो नेटिस दे दिया था। जबकि जिम्मेदारी इनकी इस बात की है कि अवैध निर्माण ही नहीं हो। ये अफसर व कर्मचारी हम जनता से तनख्वाह ही इसी बात की लेते हैं। लेकिन आजकल देखने में आ रहा है कि दलालों की पौ बारह हो रही है। पूरा सिस्टम पॉलिटिकल आकाओं के दम पर माल कमा रहा है। उपर से ईमानदार बनकर जनता को मूर्ख बना रहा है। आज राजस्व ग्राम सीसारमा में कृषि



भूमि पर बिना रूपांतरण और बिना स्वीकृति के बनी बेसमेंट, भूतल सहित तीन मंजिला होटल को सीज कर दिया गया। उदयपुर विकास प्राधिकरण के कमिश्नर राहुल जैन ने खबर में बताया कि सीसारमा के आराजी संख्या 4299, 4300, 4301, 4760 पर बिना स्वीकृति एवं बिना भू-उपयोग परिवर्तन करवाए व्यवसायिक निर्माण की सूचना मिली थी जिस पर प्राधिकरण ने पूर्व में धारा 32 के तहत निर्माणकर्ता को नोटिस दिया था। जवाब में निर्माणकर्ता द्वारा किसी प्रकार की स्वीकृति एवं रूपांतरण के दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए। इस पर बहुमंजिला निर्माण को प्राधिकरण दल द्वारा आज सीज कर दिया गया। सवाल राहुल जैन से यह पूछा जाना चाहिए कि यूडीए का आपका अमला तब कहां सो रहा था जब तीन मंजिला भवन बन रहा था। एक ईंट भी अवैध लगी तो तभी उस निर्माण को ध्वस्त कर देना था। अब सीज किया है व कार्रवाई हुई है तो उसमें दोनों पक्षों का जो समय और धन बर्बाद हुआ है उसकी जिम्मेदारी आखिर किसकी है। आखिर कब तक यूडीए के अफसर व कर्मचारी इस तरह के खेल खेलते रहेंगे। निर्माण को होने दो, सीज कर दो, उसके बाद गली निकाल कर नियमन कर दो। एप्रोच वाला बंदा नहीं है तो ध्वस्त करने की छोटी मोटी कार्रवाई कर दो। सच तो यह है कि हमारे माननीय नेता भी लगता है इसी इको सिस्टम का हिस्सा है क्योंकि वे यूडीए अफसरों से सवाल ही नहीं पूछते कि ये चल क्या रहा है??

घर में घुसा लेपर्ड, महिला और तीन वर्षीय बेटे पर हमला - तीन घंटे बाद रेस्क्यू टीम ने किया काबू



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर. जिले के कुराबड़ क्षेत्र में शनिवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब एक लेपर्ड (तेंदुआ) गांव के एक घर में घुस आया और महिला व उसके तीन साल के बेटे पर हमला कर दिया। यह घटना बेमला ग्राम पंचायत के आड़ी तलाई क्षेत्र में हुई। जानकारी के अनुसार, सुबह करीब 11:30 बजे बद्रीलाल मीणा के घर के आंगन में उनकी पत्नी मंजू बाई (25) और तीन वर्षीय बेटा रोहित मौजूद थे। अचानक घर में घुसे लेपर्ड ने झपट्टा मारते हुए दोनों को घायल कर दिया। महिला के चीखने पर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और सूझबूझ दिखाते हुए लेपर्ड को घर के पक्के कमरे में बंद कर दिया। करीब तीन घंटे तक लेपर्ड कमरे में बंद रहा, लेकिन बाद में गेट का एक हिस्सा तोड़कर बाहर निकल भागा। ग्रामीणों ने करीब 500 मीटर तक उसका पीछा किया, जिसके बाद वह पास के पोल्ट्री फार्म में जा घुसा। ग्रामीणों ने वहां भी दरवाजा बंद कर उसे भीतर कैद कर लिया। सूचना मिलते ही क्षेत्रीय वन अधिकारी राम नारायण डांगी के नेतृत्व में रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची। उदयपुर से आई वन्यजीव उड़नदस्ता टीम ने शूटर जितेंद्र अजित कुमार की मदद से दोपहर 2 बजकर 18 मिनट पर लेपर्ड को ट्रेंकुलाइज कर काबू किया। पूरा ऑपरेशन करीब आठ मिनट में पूरा हुआ। रेस्क्यू टीम ने लेपर्ड को सुरक्षित पिंजरे में बंद कर उपचार के लिए सज्जनगढ़ (उदयपुर) रवाना किया। वहीं, घायल मां-बेटे को सीएचसी कुराबड़ में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत सामान्य बताई जा रही है। मौके पर वनकर्मी ओमप्रकाश, जयसिंह, तथा कुराबड़ थाना प्रभारी प्रभुलाल मीणा पुलिस दल के साथ मौजूद रहे। ग्रामीणों की सतर्कता और वन विभाग की त्वरित कार्रवाई से बड़ा हादसा टल गया।

राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) मावली उपशाखा की बैठक में कार्यकारिणी का विस्तार

24 न्यूज अपडेट

मावली। राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) उपशाखा मावली 'अ' की मासिक बैठक 31 अक्टूबर को उपशाखा अध्यक्ष शंकरलाल जाट की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में जिला कार्यकारिणी सदस्य सुधीर कुमार शर्मा और जिला उपाध्यक्ष (मा.) चंद्रशेखर चौधरी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में टीएसपी से नॉन-टीएसपी में समायोजित शिक्षकों को गृह जिलों में समायोजित करने, तृतीय एवं द्वितीय श्रेणी शिक्षकों के स्थानांतरण व पदोन्नति की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने, क्रमोन्नत विद्यालयों में पद स्वीकृत करने और सभी बजट हेड के यात्रा भत्ता बिलों को पारित करने सहित कई शिक्षक हितों से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। इसके साथ ही सीबीईओ एवं पीईईओ कार्यालयों में यात्रा भत्ता बिलों का वरीयता रजिस्टर संधारित करने तथा एमडीएम कुकिंग कन्वर्जन की राशि शीघ्र जारी करने का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक का संचालन उपशाखा मंत्री भूपेंद्र कुमार पाठक ने किया। इस दौरान उपशाखा कार्यकारिणी का विस्तार भी किया गया, जिसमें पुष्करलाल बड़गुर्जर, मदनलाल श्रीमाली, संजय गहलोत और कालूराम जाट को संगठन मंत्री, शंकरलाल चावड़ा को मीडिया प्रभारी, प्रकाशपुरी गोस्वामी को उपसभाध्यक्ष, प्रभुलाल जाट को वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा संगीता वर्मा को उपाध्यक्ष (महिला) नियुक्त किया गया। इसके अलावा अमृता शर्मा को महिला मंत्री, अर्जुनलाल यादव को अध्यापक सदस्य, विनोद कुमार सैनी को वरिष्ठ अध्यापक सदस्य, कमलेश गुर्जर को व्याख्याता सदस्य, मोहित शर्मा को संस्कृत शिक्षा सदस्य, निरमा शर्मा को महिला शिक्षक सदस्य, अश्विन गर्ग को प्रयोगशाला सहायक सदस्य, मदनलाल श्रीमाली को सेवानिवृत्त शिक्षक सदस्य, दुदाराम डांगी को प्रबोधक सदस्य, मनीष भाटी को कंप्यूटर शिक्षक सदस्य और परशुराम जाट को पंचायत शिक्षक सदस्य बनाया गया।

साथ ही प्रहलाद बड़गुर्जर, मांगीलाल डांगी, महेश विजयवर्गीय, दिनेश व्यास, रामरतन कोठारी और सुनील विजयवर्गीय को विशेष आमंत्रित सदस्य तथा हिम्मतसिंह राव और दलीचंद जाट को प्रवक्ता मनोनीत किया गया।

बैठक में पुरुषोत्तम शर्मा, सोहनलाल जाट एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी नवमनोनीत पदाधिकारियों को शिक्षकों ने बधाई दी और संगठन की मजबूती एवं एकता बनाए रखने का संकल्प लिया।

वैराग्य की राह पर अग्रसर - सागवाड़ा के दो ब्रह्मचारियों को जयपुर में मिलेगी दिगंबर मुनि दीक्षा





24 न्यूज अपडेट

सागवाड़ा। राजधानी जयपुर के सांगानेर रोड स्थित चित्रकूट नगर में विराजमान दिव्य तपस्वी आचार्य सुन्दर सागर जी महाराज के सान्निध्य में सोमवार, 3 नवम्बर को विशाल स्तर पर भव्य जैनेश्वरी दीक्षा समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर सागवाड़ा जैन समाज के गौरव बाल ब्रह्मचारी उमंग भैया (23 वर्ष) और ब्रह्मचारी पंकज भैया शाह (65 वर्ष) को आचार्य श्री सुन्दर सागर जी महाराज द्वारा दिगंबर मुनि दीक्षा प्रदान की जाएगी। यह समारोह चित्रकूट नगर के कंवर का बाग स्थित विशाल पांडाल में आयोजित होगा। समाज के प्रतिष्ठाचार्य विनोद पगारिया 'विरल' ने बताया कि सोमवार प्रातः दोनों दिक्षार्थियों सहित कुल छह दीक्षार्थियों की बिन्दौली बैंड-बाजों के साथ कंवर का बाग तक निकाली जाएगी। वहां पर मंगलाष्टक चौक पूराई के साथ केश लोचन, वस्त्र त्याग और मस्तक पर केसर से स्वस्तिक अंकन की विधियां सम्पन्न होंगी। तत्पश्चात आचार्य श्री द्वारा लौंग से दीक्षा संस्कार किए जाएंगे तथा नामकरण के बाद नवीन पिच्छिका और कमण्डल प्रदान किए जाएंगे। इस पावन अवसर पर दशा हूमड़ दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष दिनेश खोडनिया सहित सागवाड़ा और सम्पूर्ण वागड़ क्षेत्र से 500 से अधिक श्रद्धालु जयपुर पहुंच चुके हैं। दीक्षा समारोह को लेकर जैन समाज में अत्यंत उत्साह और श्रद्धा का माहौल है।

दीक्षार्थी परिचय

बाल ब्रह्मचारी उमंग भैया सन् 2001 में सागवाड़ा के पुजारवाड़ा मोहल्ला में जन्मे। उनके पिता देवीलाल पालविया और माता सीमा पालविया हैं। उन्होंने बी.कॉम. तक शिक्षा प्राप्त की है। परिवार में माता-पिता के अलावा एक पुत्र और दो पुत्रियाँ हैं। वर्ष 2019 में उन्होंने प्रथम बार केश लोचन किया था। ब्रह्मचारी पंकज भैया शाह का जन्म 5 जनवरी 1961 को सागवाड़ा के कंसारा चौक में हुआ। उनके पिता गुलाब चंदजी शाह और माता आनंदी देवी शाह हैं। उन्होंने एम.ए. और बी.एड. की उपाधि प्राप्त की तथा सेवानिवृत्ति से पूर्व प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत रहे। उन्होंने सन् 2021 के क्षमावाणी पर्व पर ब्रह्मचर्य व्रत ग्रहण किया था। उनकी धर्मपत्नी ने पूर्व में आचार्य सुन्दर सागर जी महाराज से दीक्षा लेकर समाधि प्राप्त की थी। सागवाड़ा जैन समाज के लिए यह गर्व का अवसर है कि समाज के दो अनुयायी सांसारिक मोह-माया त्यागकर संयम, साधना और आत्मकल्याण की दिशा में अग्रसर हो रहे हैं। जयपुर में होने वाला यह दीक्षा समारोह वागड़ क्षेत्र के लिए आध्यात्मिक प्रेरणा का प्रतीक बनेगा।

माहेश्वरी समाज ने किया समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान

भगवान जानकीराय जी को धराया अन्नकूट



24न्यूज अपडेट

उदयपुर, 1 नवम्बर। माहेश्वरी पंचायत धानमंडी की ओर से शुक्रवार सायंकाल को भगवान जानकीराय जी मंदिर में अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में समाज के 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठजनों का सम्मान किया गया। साथ ही तीन गणमान्यों को सेवा सम्मान प्रदान किया गया।

कार्यक्रम संयोजक प्रकाश चेचाणी ने बताया कि महेश्वरी पंचायत धानमंडी के अध्यक्ष जमनेश धुप्पड़, सचिव डॉ. बसंती लाल बाहेती, उपाध्यक्ष प्रदीप मूंदड़ा, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र मूंदड़ा, सह सचिव प्रकाश चेचानी, सह कोषाध्यक्ष दिनेश चेचानी आदि ने सभी का सम्मान किया।

इन वरिष्ठजनों का हुआ सम्मान

समारोह में असावा ख्याली लाल, असावा जगदीश चंद, भूतडा श्रीमती जतन देवी, चेचाणी अम्बालाल, चेचाणी श्रीमती भगवती देवी, देवपुरा अचल कुमार, देवपुरा चतर लाल, देवपुरा प्रतापमल, धुप्पड़ श्रीमती जतनदेवी, धुप्पड़ श्रीमती भंवर देवी, धुप्पड़ श्रीमती सुशीला देवी, ईनाणी नन्दलाल, ईनाणी हरिवल्लभ, कालानी श्याम सुंदर, कोठारी डॉक्टर नाहर सिंह, मंत्री चतर लाल, मंत्री भंवर लाल, मंत्री श्रीमती दुर्गा देवी, मंत्री श्रीमती प्रेम देवी, मूंदड़ा मदन लाल, मूंदडा राम नारायण, मूंदड़ा श्रीमती कंचन देवी, मूंदड़ा श्रीमती भंवर देवी, मूंदड़ा श्रीमती मांगी बाई, मूंदड़ा श्रीमती मुन्ना देवी, मूंदड़ा श्रीमती रतन देवी, नुवाल श्रीमती पार्वती देवी, पण्डवाल श्रीमती कंचन बाई, पोरवाल विष्णु प्रकाश, सोमानी द्वारका प्रसाद, तापड़िया खूबीलाल, तोषनीवाल सुशीला देवी, तोषनीवाल कैलाश, तोषनीवाल दामोदर, तोषनीवाल श्रीमती कृष्णा देवी, तोषनीवाल श्रीमती कंचन देवी, तोषनीवाल श्रीमती सुगन देवी का सम्मान किया गया। इसी तरह, नारायण लाल असावा, राधेश्याम तोषनीवाल, गोविंद दिनेश मूंदड़ा को सेवा सम्मान प्रदान किया गया।

गाजे-बाजे के साथ पधारे ठाकुरजी

समारोह के दौरान जानकीराय जी मंदिर से ठाकुरजी को रजत पालकी में विराजमान कर महेश घोष के वादन के साथ मंदिर से तीज का चौक स्थित माहेश्वरी सेवा सदन लाया गया। वहां महाआरती के बाद महाप्रसादी हुई।

संस्कारों से ओतप्रोत श्रीमद् भागवत कथा अमृत महोत्सव 4 नवंबर से



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। हिरणमगरी सेक्टर-4 स्थित वैद्य भगीरथ जोशी सभागार, विद्या निकेतन उच्च माध्यमिक विद्यालय में 4 नवंबर से 10 नवंबर तक श्रीमद् भागवत (संस्कार) कथा अमृत महोत्सव का भव्य आयोजन होने जा रहा है। इस सात दिवसीय धार्मिक आयोजन को लेकर शनिवार को लेकसिटी प्रेस क्लब में प्रेस वार्ता आयोजित हुई। कथा आयोजक यशवंत पालीवाल ने जानकारी दी कि यह कथा स्मृति शेष हरिप्रिया पालीवाल एवं कीर्तिशेष भगवान शंकर पालीवाल की पावन स्मृति में आयोजित की जा रही है। उन्होंने बताया कि यह कथा अब तक सुनी गई सभी कथाओं से भिन्न होगी, जिसमें भक्ति, संस्कार और अध्यात्म का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। पालीवाल ने बताया कि कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगी। कथा का रसपान पुष्कर दास महाराज कराएंगे, वहीं आचार्य संदीप शर्मा (उज्जैन) संस्कृत में श्रीमद् भागवत का संपूर्ण मूल पाठ करेंगे। कथा के दौरान प्रतिदिन कृष्ण कुमार शर्मा एवं उनकी टीम द्वारा आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी, जो कथा प्रसंगों को जीवंत रूप देंगी। पहले दिन कथा आरंभ से पूर्व त्रिकालेश्वर महादेव मंदिर (होटल प्राइड, हिरणमगरी सेक्टर-4) से श्रीमद् भागवत पोथी कलश यात्रा निकाली जाएगी। इस शोभायात्रा में महिलाएं मंगल कलश धारण कर सहभागिता निभाएंगी, जबकि पुरुष भजन-कीर्तन के साथ यात्रा में शामिल होंगे। इस अवसर पर कथा संयोजक रमेश पुरोहित, सह संयोजक आर.सी. पुरोहित, देवेन्द्र पालीवाल, नरेंद्र पालीवाल, डॉ. प्रदीप कुमावत, कमलेन्द्र सिंह पंवार सहित कई गणमान्यजन उपस्थित रहे।

विद्यार्थियों ने चित्रों में सजाई जनजातीय संस्कृति की झलक



24न्यूज अपडेट

उदयपुर, 1 नवम्बर। भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती को समर्पित जनजातीय गौरव वर्ष के समापन के उपलक्ष्य में राज्य सरकार द्वारा ग्राम पंचायत स्तर से लेकर जिला स्तर तक जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग सहित विभिन्न विभागों की ओर से जागरूकता, सांस्कृतिक, स्वास्थ्य, शिक्षा और विकास से जुड़े कार्यक्रमों का व्यापक आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग की ओर से प्रदेश के विभिन्न जिलों में संचालित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों में "जनजातीय संस्कृति, परंपरा एवं कला विषयक चित्रकला प्रतियोगिता" का आयोजन हुआ।

प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में जनजातीय समाज की समृद्ध संस्कृति, पारंपरिक जीवनशैली और लोककला के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। बच्चों ने अपने रंगों और कल्पनाओं से जनजातीय विरासत, नृत्य, लोकपर्व, परिधान, प्रकृति और लोकदेवताओं के सुंदर चित्र उकेरे।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।